प्रादेशिक समाचार
दिनांक–18.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु, पहले दिन तीन प्रत्याि"ायों ने किये नामांकन।**

2. **विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने सीट शेयरिंग फार्मूले की घोषणा की, भाजपा 68, आजसू पार्टी 10, जदयू दो और लोजपा एक सीट पर लड़ेगी चुनाव।**
3. **इंडी गठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर बैठकों का दौर जारी, कांग्रेस के चुनाव प्रभारी ने कहा– कल तक तय हो जायेगा गठबंधन का स्वरुप।**
4. **कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में पार्टी प्रत्याशियों पर हुआ मंथन, उम्मीदवार चयन को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व को किया गया अधिकृत।**

और

5. **भाजपा विधायक केदार हाजरा और आजसू पार्टी नेता उमाकांत रजक झामुमो में हुए शामिल, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिलायी सदस्यता।**

****

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरु हो गई है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं।

****

निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों के लिए पहली बार ऑनलाइन नामांकन की सुविधा प्रदान की है। उम्मीदवार ऑनलाइन नामांकन पत्र भर कर, जमानत राशि जमा करा सकते हैं। शपथ पत्र भी ऑनलाइन भरा जा सकता है। झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि नामांकन फॉर्म ऑनलाइन पोर्टल suvidha.eci.gov.in पर उपलब्ध है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव आजसू पार्टी, जदयू और लोजपा के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। रांची में आज एनडीए घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता में सीट शेयरिंग के फार्मूले की घोषणा की गयी। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने पत्रकारों को सीट शेयरिंग की जानकारी दी।

मौके पर मौजूद भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह एक मजबूत गठबंधन है, जो आने वाले चुनाव में राज्य की वर्तमान सरकार को उखाड़ फेकेंगी।

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल संगठित होकर चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। श्री महतो ने दावा किया कि वर्तमान सरकार की विफलता ही एनडीए की सफलता का आधार बनेगी।

****

इंडी गठबंधन में भी सीट शेयरिंग को लेकर बैठकों का दौर जारी है। कांग्रेस के प्रदेश चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर की कल से लेकर आज तक झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई दौर की वार्ता हो चुकी है। कांग्रेस प्रभारी ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कल देर शाम या परसों तक गठबंधन के स्वरुप की घोषणा कर दी जायेगी।

****

इधर, रांची में आज कांग्रेस प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सभी उम्मीदवारों के नाम केन्द्रीय चुनाव समिति के पास भेज दिये गये हैं और प्रत्याशियों के चयन के लिए केन्द्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया गया है।

****

राज्य में जारी सियासी हलचल के बीच राजद नेता तेजस्वी यादव आज रांची पहुंच गये हैं। वे आज देर शाम सीट शेयरिंग को लेकर झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात कर सकते हैं। कल कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी भी रांची आयेंगे। इसके बाद इंडी गठबंधन की तस्वीर साफ हो सकती है।

****

इस बीच आजसू पार्टी के उपाध्यक्ष उमाकांत रजक और जमुआ से वर्तमान विधायक केदार हाजरा आज झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि केदार हाजरा और उमाकांत रजक के आने से पार्टी को और अधिक सांगठनिक मजबूती मिलेगी।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर लातेहार जिले में प्रशासनिक सरगर्मी तेज हो गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

विधानसभा चुनाव के दौरान वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में सरायकेला–खरसावां जिले के शहरी क्षेत्रों में छऊ नृत्य के माध्यम से मतदाताओं जागरूक किया गया।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों द्वारा बाधित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह जीवन साथी स्वंय चुनने की इच्छा का उल्लंघन करते हैं। एक रिपोर्ट

****

पलामू जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिले के पीपरा थाना क्षेत्र के झरना पहाड़ी से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी द्वारा छिपा कर रखे गये हथियार और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि छापेमारी अभियान में पुलिस को एक राइफल और एक हजार से ज्यादा कारतूस मिले हैं।

**********समाप्त**********